# जानिए... आपके घर का नजदीकी केंद्र... पहले दिन 30 हजार लोगों को लगेंगे टीके

रतलाम | जिले में 21 जून से वैक्सीनेशन महाअभियान की शुरुआत हो रही है। यह अभियान 7 दिन का रहेगा। यदि आपने अब तक वैक्सीन नहीं लगवाई है तो बहुत अच्छा मौका है। वैक्सीन लगवाने जरूर जाएं...। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने शनिवार को जिला स्तरीय अधिकारियों को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया। ये व्यवस्थाएं करेंगे। रतलाम शहर के लिए 60 हजार, रतलाम ग्रामीण के लिए 22 हजार, जावरा के लिए 31 हजार, आलोट के लिए 22 हजार, सैलाना के लिए 22 हजार लोगों को वैक्सीन लगाने का लक्ष्य तय हुआ है। रोज औसतन 152 सत्र होंगे। शहर में वार्ड वार वैक्सीन लगेगी। कलेक्टर ने बताया पहले दिन जिले में 30 हजार टीके लगेंगे।

## नगरवासियों के लिए टीकाकरण के वार्ड एवं सत्र स्थल

1 कंकूमंत्रम मैरिज हॉल, गांधीनगर
2 रामकला सभागृह, लक्ष्मणपुरा
3 राठौर समाज धर्मशाला, जवाहर नगर
4 महर्षि दयानंद वैदिक विद्यालय
5 गुरु रामदास स्कूल, विनोबा नगर
6 मॉर्निंग स्टार स्कूल, इंदिरा नगर
7 कम्युनिटी हॉल, अलकापुरी
8 संत नामदेव पब्लिक स्कूल, विनोबा नगर
9 साई एकेडमी, 80 फीट रोड, रत्नपुरी
10 सिंधु गुरुद्वारा, मोहन नगर
11 बोधी स्कूल, डोंगरे नगर
12 सुमंगल गार्डन, कस्तूरबा नगर
13 सिद्धेश्वर वाटिका, सिखवाल नगर
14 सरस्वती स्कूल, काटजू नगर
15 मांगलिक भवन, सुभाष नगर
16 कश्यप सभागृह, सागोद रोड
17 उत्कृष्ट स्कूल, सागोद रोड
18 शांति निकेतन, टाटा नगर
19 राधाकृष्ण माध्यमिक विद्यालय, टाटा नगर
20 सरस्वती स्कूल, अमृतसागर
21 नरसिंह वाटिका, सिलावटों का वास
22 मानस भवन, मोतीनगर
23 ज्योति कॉन्वेंट स्कूल, बालाजी नगर
24 सब्जी फरोश जमातखाना, शेरानीपुरा
25 सगरवंशी माली समाज धर्मशाला, मालीकुआं
26 संतमीरा स्कूल, थावरिया बाजार
27 जमातखाना, शेरानीपुरा
28 मांगलिक भवन, दिलीप नगर
29 डीआरपी लाइन, आनंद कॉलोनी
30 काजीखान मस्जिद, जावरा रोड
31 शासकीय प्रा. स्कूल, जोसीगांव
32 उजाला पैलेस, स्टेशन रोड
33 लायंस हॉल, पावर हाउस रोड
34 रांगोली, गीता मंदिर रोड
35 मेहंदीकुई बालाजी, नगर निगम
36 धर्मशाला, कालिकामाता मंदिर
37 लॉ कॉलेज, आनंद कॉलोनी
38 जमातखाना, शेरानीपुरा
39 शा. कला व विज्ञान महाविद्यालय
40 कन्या महाविद्यालय, कोठारीवास
41 शा. हा.से. स्कूल, माणकचौक
42 मोहन टॉकीज
43 माहेश्वरी धर्मशाला, कसारा बाजार
44 बोहरा कम्युनिटी हॉल, बोहरा बाखल
45 जाट धर्मशाला, सुतारों का वास
46 आईएमए हॉल, राजेंद्र नगर
47 मदरसा तालीमुल कुरआन, नयापुरा, हाट रोड
48 सूरजहॉल, वेदव्यास कॉलोनी
49 सिखवाल समाज धर्मशाला, ब्राह्मणों का वास

### कर्मचारियों के लिए यहां पर वैक्सीनेशन

1 डीआरएम ऑफिस दो बत्ती (स्पेशल कैंप)
2 न्यू कलेक्टोरेट महू रोड (शासकीय कर्मचारी)
3 घटला रेलवे हॉस्पिटल (रेलवे कर्मचारी व परिवार)
4 इप्का फैक्ट्री (कर्मचारियों के लिए)
5 श्रीराम फैक्ट्री (कर्मचारियों के लिए)
6 होंडा शोरूम (कर्मचारियों के लिए)

## आज जनता कर्फ्यू, फ्लैग मार्च निकालकर अफसर करेंगे चेकिंग

रतलाम | रविवार जनता कर्फ्यू शनिवार रात 10 बजे से शुरू हो गया है। यह सोमवार सुबह 6 बजे खुलेगा। इस दौरान जरूरी सेवा मेडिकल स्टोर, अस्पताल, दूध, सब्जी वितरण की अनुमति वाली दुकानों के अलावा बाजार बंद रहेंगे।


प्रोटोकॉल का पालन कराने के लिए थानावार टीम चेकिंग करेगी। वहीं कलेक्टर के नेतृत्व में अफसरों की टीम फ्लैग मार्च निकालकर चेकिंग करेगी। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बताया जनता कर्फ्यू में भी सारे प्रतिबंध लागू रहेंगे। केवल अनुमति वाली दुकान ही खुलेगी। गाइडलाइन का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। 21 जून से विशेष वैक्सीन ड्राइव के लिए तैयारी भी करेंगे।

## 4 नए पॉजिटिव, अब कुल संक्रमित 17465

रतलाम | जिले में संक्रमित लगातार कम हो रहे हैं। शनिवार को 4 नए केस सामने आए हैं। इसी के साथ कुल संक्रमित 17465 हो गए। शनिवार को जावरा के आक्यावेनी निवासी 38 साल के पुरुष, सेवरिया ग्राम के 35 साल के पुरुष, अंबोदिया गांव के 38 साल के पुरुष, मराठों का वास के 32 साल के पुरुष की रिपोर्ट पॉजिटिव मिली।



रतलाम- कलेक्टर की पहल वेक्सिनेशन महाअभियान, 21 जून से होगा शुरू, योग दिवस पर विशेष वेक्सिनेशन अभियान का प्रारंभ, 7 दिन का पहला चरण,, रविवार अवकाश रहेगा , 160 केंद्र में एक साथ वेक्सिनेशन होगा, पर बुकिंग की जरूरत नही , शहर में 52 सेंटर, 30 हजार 1 दिन में लगाएंगे, रतलाम शहर में 7 हजार वेक्सिनेशन , [illegible]



# मध्यप्रदेश में 21 जून से वैक्सीन का अभियान होगा शुरू, पहले दिन 10 लाख वैक्सीन लगाने का लक्ष्य

भोपाल । मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश में 21 जून से वैक्सीन का महाअभियान शुरू कर दें। हम अक्टूबर तक अधिकतर लोगों को वैक्सीन लगा देंगे। 21 जून को सुबह 10 बजे अभियान प्रारंभ होगा। लगभग 7,000 वैक्सीनेशन सेंटर बने हैं। हम सोच रहे हैं कि 21 जून को एक दिन में 10 लाख से ज्यादा वैक्सीन लगा दें । उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में कोरोना संक्रमण पूरी तरह से नियंत्रण में है। कल प्रदेश में कोरोना के 110 मामले आए। कई जिलों में एक भी मामले नहीं आ रहे हैं और कई जिलों में 1-2 मामले आ रहे हैं लेकिन वायरस तो अभी है ।

# शनिवार को चार पॉजिटिव मरीज मिले, रतलाम शहर

# बारिश ने खोली सफाई की पोल, सड़क पर जमा हुई गं

दबंग रिपोर्टर ■ रतलाम

जिले में एक ही दिन हुई जोरदार बारिश ने सफाई से लेकर बिजली व्यवस्था तक के हाल बिगाड़ के रख दिए। शनिवार सुबह तक 24 घंटे में दो इंच से अधिक बारिश दर्ज हुई है। बारिश के चलते शनिवार को कई इलाकों में सड़कों पर नाले और नालियों का कचरा आकर जम गया को कहीं शुक्रवार-शनिवार रात घंटों गुल रही बिजली ने लोगों की नींद उड़ाए रखी।

रतलाम में शुक्रवार शाम करीब 7 बजे से रात 12 बजे तक रुक-रुक कर तेज बारिश हुई। बारिश के कारण शहर में कई इलाकों में पानी जमा हो गया। छतरी पुल क्षेत्र में हाल ही में निर्मित हुए फोरलेन पर भी जलभराव की समस्या का नागरिकों को सामना करना पड़ा। गनीमत रही कि रात में तेज बारिश फिर से नहीं हुई जिससे सुबह तक थोड़ी राहत हो गई। परंतु हरमाला रोड, जवाहर नगर सब्जीमंडी के पास, मोहन नगर, बिरियाखेड़ी रोड, अयोध्या बस्ती, घभाईजी का वास, लंबीगली, अशोकनगर, शांतिनगर आदि कई इलाकों में सड़कों पर आकर गंदगी जमा हो गई, जिसकी बदबू से लोग परेशान हो गए। नाले-नालियों में सफाई नहीं होने से शहर के अधिकांश इलाकों में शुक्रवार-शनिवार रात नालियों का पानी सड़क और घरों, दुकानों के ओटलों, आंगनों में जमा होता रहा।



## बिजली ने भी खेली आंख-मिचौनी


बिजली ने भी शुक्रवार शाम से शनिवार दोपहर तक अलग-अलग क्षेत्र में लोगों को परेशान रखा। पहली बारिश के चलते शुक्रवार शाम को गीता मंदिर रोड, महालक्ष्मी नगर, कोर्ट परिसर, जवाहर नगर, गांधीनगर क्षेत्र, कस्तूरबानगर, शक्तिनगर, प्रियदर्शनी नगर, बिरियाखेड़ी क्षेत्र में बिजली गुल रही। रात में भी कई बार फाल्ट होते रहे।

## सबसे ज्यादा जावर

शुक्रवार सुबह से शनिवार सुबह 8 बजे के
में ढाई [illegible] बारिश दर्ज की गई है। आलोट
जावरा में लगभग 7 इंच, ताल में 3 इंच से
डेढ़ इंच बाजना में सबसे कम सिर्फ 8 मि
इंच के लगभग, सैलाना में 2 इंच से अधि
अवधि में दर्ज की गई है। जिले में औसत
बारिश दर्ज की गई है। इसके साथ ही 1 ज
औसत [illegible] से पौने चार इंच बारिश दर्ज की
में 4 इंच से अधिक बारिश दर्ज हो चुकी है
जावरा [illegible] इंच से अधिक, ताल में 3 इंच
3 इंच से अधिक, बाजना में 17 मि.मी., राव
सैलाना 3 इंच से अधिक बारिश अभी तक
जिले में सिर्फ जावरा और पिपलौदा अभी तक
बारिश के आकड़ों से आगे चल रहा है। शेष
इस अवधि तक हुई बारिश से पीछे चल रहे

डिस्ट्रिक्ट अपडेट

# निर्माण कार्यों की गुणवत्ता देखने कलेक्टर उतरे मैदान में



रतलाम. शहर में मिनी स्मार्ट सिटी अंतर्गत निर्माण कार्यों के धीमी गति से चलने के मामले को पत्रिका द्वारा लगातार उठाए जाने के बाद शनिवार को कलेक्टर व नगर निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम मैदान में उतर गए। प्रशासक कुमार ने शहर के विभिन्न कार्यों को देखा व इनको तेज गति से करते हुए गुणवत्ता के साथ करने को कहा। इतना ही नहीं, काम की धीमी गति पर नाराजी भी प्रकट की व निर्माण कार्यों के स्थान पर पौधारोपण करने को भी कहा।

प्रशासक कुमार ऊंकाला रोड, करमदी सीवरेज ट्रीटमेंट जानकारी ली। सबसे पहले ऊंकाला रोड पहुंचकर पेयजल, सीवरेज आदि के पाइप को डालने को कहा। इससे बाद में फिर खुदाई की जरुरत नहीं हो व सड़क खराब नहीं हो। इसके अलावा सड़क की गुणवत्ता के बारे में भी निर्देश दिए। सड़क निर्माण के दौरान आमजन को परेशानी नहीं हो इसका ध्यान रखने को भी कहा।

इसके बाद सीवरेज एसटीपी प्लांट प्रशासक कुमार पहुंचे। यहां पर इस कार्य को होने में लगने वाले समय पर नाराजी प्रकट की। इसके साथ कहा कि इस कार्य को जल्दी पूरा किया

**कोविड 19 वैक्सीनेशन महाअभियान, डेढ़ लाख टीके लगाए जाएंगे**

# जिले में पहली बार एक साथ 152 केंद्रों पर टीकाकरण

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. प्रदेश के साथ जिले में भी 21 जून से कोविड 19 वैक्सीनेशन महा अभियान महा अभियान का आरंभ हो रहा है। महा अभियान के दौरान प्रतिदिन औसतन 150 सत्र आयोजित किए जाएंगे। पूरे जिले में 152 टीकाकरण केंद्र बनाए जा रहे हैं। रतलाम शहर में 52 केंद्र रहेंगे, वार्डवार केंद्र बनाए गए हैं। अभियान के प्रथम दिवस 30 हजार डोज के साथ शुभारंभ किया जाएगा। इसके बाद शेष दिवसों में 20 हजार डोस प्रतिदिन लगाए जाएंगे।

कलेक्टर ने बताया कि अभियान के दौरान 18 वर्ष से अधिक आयु के किसी भी व्यक्ति को कोविड-19 टीकाकरण के लिए ऑनलाइन बुकिंग कराना आवश्यक नहीं है, केवल जन्म दिनांक दर्शाने वाली आईडी के आधार पर सीधे टीकाकरण किया जाएगा। अभियान की जानकारी कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा शनिवार को कलेक्टेट सभाकक्ष में पत्रकार वार्ता आयोजित की गई। महा अभियान के दौरान जिले के आलोट तथा ताल में 20 हजार, बाजना तथा सैलाना में 20 हजार, जावरा तथा पिपलोदा में 30 हजार, रतलाम ग्रामीण में 20 हजार तथा रतलाम शहर में 60 हजार टीके लगाए जाएंगे।



20/6/21

## यह भी रहे मौजूद

कलेक्टर द्वारा जिले में कोरोना के सक्रमण की स्थिति, अब तक किए गए टीकाकरण की संख्या तथा अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी जानकारी दी गई। इस दौरान पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, सीईओ जिला पंचायत मीनाक्षीसिंह, अपर कलेक्टर जमुना भिड़े आदि उपस्थित थे। एसडीएम अभिषेक गहलोत, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. वर्षा कुरील, एपिडेमियोलॉजिस्ट गौरव बोरीवाल, डॉ. प्रमोद प्रजापति भी उपस्थित थे।

## वैक्सीनेशन दूत करेंगे काम

कलेक्टर ने बताया कि टीकाकरण दिवस पर जिला स्तरीय कंट्रोल रूम 1075 के माध्यम से प्रत्येक घंटे में टीकाकरण कार्यक्रम की प्रगति की निगरानी की जाएगी। समस्त प्रकार की गतिविधियों के फोटोग्राफ पोर्टल पर अपलोड किए जाएंगे। अभियान के सघन प्रचार-प्रसार के तहत स्कूली बच्चे वैक्सीनेशन दूत का कार्य करेंगे। वे अपने परिवारजनों को संदेश के माध्यम से वैक्सीनेशन के लिए प्रेरित करेंगे। इसके अलावा अन्य विविध गतिविधियां जनजागरूकता के लिए आयोजित की जाएगी। वैक्सीनेशन केंद्रों पर सेल्फी प्वाइंट रहेंगे। घर-घर वैक्सीनेशन के लिए आमंत्रण पत्रों का वितरण होगा।

## अधिकारियों की जिम्मेदारी तय

आदेश के अनुसार जो प्रभारी अधिकारी नियुक्त किए हैं उनमें उपसंचालक उद्यानिकी पी.एस. कनेर को आलोट, कार्यपालन यंत्री पीएचई प्रदीप गोगादे को ताल, कार्यपालन यंत्री पीआईयू जयेश मीणा को जावरा, महाप्रबंधक ग्रामीण सड़क आर.एस. तोमर को पिपलोदा, उपसंचालक कृषि ज्ञानसिंह मोहनिया को सैलाना, अनुविभागीय अधिकारी वन मंडल आर.सी. गहलोत को बाजना, जिला शिक्षा अधिकारी के.सी. शर्मा को रतलाम ग्रामीण तथा अनुविभागीय अधिकारी जल संसाधन जी.एस. अवासिया को रतलाम ग्रामीण का कार्य सौंपा है।

## सीएम ने ली वीसी

टीकाकरण महाअभियान को लेकर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने धर्मगुरूओं सहित गणमान्य नागरिकों से की सहयोग की अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रदेश में 21 जून को कोविड-19 वैक्सीनेशन महाअभियान आयोजित किया जा रहा है। अभियान धर्मगुरूओं, स्वयंसेवी संस्थाओं, सामाजिक कार्यकर्ता, राजनैतिक दलों, सांसदों, मंत्रियों, विधायकों, जन-प्रतिनिधियों के सहयोग से ही संभव होगा। रतलाम एनआईसी कक्ष में कलेक्टर, एसपी के साथ शहर काजी एहमद अली, स्वामी देवस्वरुपानंद, अवतारसिंह सलूजा, सलीम आरिफ, महेंद्र गादिया, पूर्व महापौर डॉ. सुनीता यार्दे आदि उपस्थित थे

## खुले में गंदगी करने व कचरा पात्र नहीं रखने पर 4 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार नगर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करते हैं उन पर लगाम लगाने हेतु स्पॉट फाईन दल द्वारा संबंधितों पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत 18 जून को 4 दुकानदारों पर जुर्माना किया गया। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्पॉट फाईन दल द्वारा चिराग भण्डारी बजाज खाना पर 200, के.के. जैन, शैलेन्द्र भण्डारी बजाज खाना व मनसुख नौलाईपुरा पर 100-100 रूपये का स्पॉट फाईन कर भविष्य में गंदगी ना करने की समझाईश दी। नगर निगम द्वारा नागरिकों से भी अपील की जाती है कि शहर को गंदा करने वाले नागरिकों, दुकानदारों आदि की जानकारी स्पॉट फाईन दल के मनोज टांक मो.नं. 7000848456, पवन झांझोट मो.नं. 7000128812, आकाष चिन्दे मो.नं. 9424075393, 7724981736 मनोज झांझोट मो.नं. 6268449110, राकेष ललावत मो.नं. 7000128812 को देकर नगर को साफ-स्वच्छ बनाने में सहयोग प्रदान करें।

## ज्यादा से ज्यादा वैक्सिनेशन महा अभियान में टीकाकरण कराने का आव्हान

रतलाम। वर्तमान में आज कोरोना के खिलाफ लड़ने के लिए वैक्सिनेशन ही एक उपाय है। कोरोना की पहली दूसरी लहर के परिणाम हमारे सामने है। अतः हम सभी समाज जन समाजो के माध्यम से अपील करे। उक्त आव्हान सामाजिक कार्यकर्ता व रेडक्रॉस के पूर्व चैयरमेन महेन्द्र गादिया ने करते हुए कहा कि आने वाली चेतावनी व इस भयावह परिस्तिथ से निपटने के लिए निर्धारित केन्द्र पर ले जाकर टीकाकरण कराए व 21 जून से प्रारम्भ इस अभियान को सभी शामिल हो।



## निगम आयुक्त ने अनुकम्पा नियुक्ति आदेश प्रदान किये

रतलाम। नगर निगम में ऐसे कर्मचारी जिनका सेवा में रहते निधन हो गया उनके परिवार के सदस्यों को अनुकम्पा नियुक्ति दिये जाने तहत नगर निगम द्वारा आज 3 व्यक्तियों की अनुकम्पा नियुक्ति के आदेश जारी किये जारी किये गये आदेश निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा प्रदान किये गये। निगम आयुक्त श्री झारिया द्वारा अमर-बसंत चौहान, सुनील-रामप्रसाद डागर व राजेश-देवकरण को सफाई संरक्षक के पद का नियुक्ती आदेश प्रदान कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। नियुक्ति आदेश वितरण के दौरान उपायुक्त विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, सहायक यंत्री श्याम सोनी आदि उपस्थित थे।

## 2 सिटी मैनेजर व 5 सामुदायिक संगठिकाओं को सेवा से बर्खास्त किये जाने का सूचना पत्र जारी

रतलाम। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार एनयूएलएम विभाग के दो सिटी मैनेजर व पांच सामुदायिक संगठिकाओं की संविदा अनुबंध समाप्त कर सेवा से बर्खास्त किये जाने का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। पथकर विक्रेताओं को सी.एम. स्वनिधी के तहत लक्ष्य अनुरूप ऋण उपलब्ध नही कराने तथा एसएमआईडी घटक अंतर्गत असंतोषजनक प्रगति के कारण सिटी मैनेजर नितिन तिवारी, कपील मारोठिया, सामुदायिक संगठिका श्रीमती राजश्री गुमास्ते, श्रीमती सीमा सुरोलिया, श्रीमती रेखा राठौर, श्रीमती हैमा सिलावट, सुश्री निर्मला राय को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

# 21 जून से टीकाकरण के लिए जिले में चलेगा महाअभियान

प्रसारण

## पांच दिनों में डेढ़ लाख लोगों को वैक्सीन लगाने का लक्ष्य

प्रसारण न्यूज़ * रतलाम



जिले भर में 21 जून से कोरोना बचाव के लिए टीकाकरण को महा अभियान के रूप में मनाया जाएगा। पांच दिनों तक चलने वाले इस वैक्सीनेशन में एक लाख पचास हजार टीकाकरण का लक्ष्य रखा गया है।

जिला कलेक्टर कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में जिलाधीश कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि जिले भर में वैक्सीनेशन का कार्य महाअभियान के रूप में प्रारंभ होगा, जिसकी तैयारियां वृहद स्तर पर की गई है। कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने टीकाकरण की तैयारियों के बारे में बताया कि वैक्सीनेशन महा अभियान में कोई भी व्यक्ति जो 18 वर्ष से ऊपर आयु का है, वह अपने परिचय पत्र के साथ बगैर पूर्व बुकिंग कराएं सेंटर पर आकर टीका लगवा सकता है। अभियान में आयु बंधन नहीं रहेगा, पूर्व से स्लॉट बुकिंग भी नहीं करानी पड़ेगी। स्पॉट पर ही पंजीयन होगा।

कलेक्टर ने बताया कि 7 दिनों तक टीकाकरण किया जाएगा, जिसके लिए जिले भर में 150 केंद्रों पर तथा रतलाम शहर में 52 केंद्रों पर टीकाकरण होगा। मंगलवार व रविवार को दूसरे टीकाकरण का कार्य चलता है, इसलिए यह वैक्सीनेशन का कार्य बंद रहेगा। प्रातः 9 बजे से सभी केंद्र पर टीकाकरण प्रारंभ होगा। प्रतिदिन जिले भर में तीस हजार टीकाकरण का लक्ष्य रखा गया है तथा प्रत्येक केंद्र पर 300 से अधिक का लक्ष्य है। टीकाकरण केंद्रों पर सतत निगरानी के लिए अलग से जिला स्तरीय टीम बनाई गई है, जो सतत टीकाकरण केंद्रों पर भ्रमण करेगी।

कलेक्टर कुमार स्पष्ट निर्देश दिए है कि जिलेभर में व्यवसाय करने वाले, चाय, सब्जी या हाथ ठेला लगाते हो या अन्य व्यवसाय करते हो सभी का टीकाकरण अनिवार्य है, यदि वे टीका नहीं लगाते, तो वह अपनी दुकान नहीं खोल पाएंगे। वर्तमान में तो टीके की कमी के कारण व्यापारियों पर दबाव नहीं था, लेकिन अब उन्हें टीकाकरण करवाना अनिवार्य है नहीं, तो वह अपनी दुकान नहीं खोल पाएंगे।

जिलाधीश कुमार ने जिला वासियों से निवेदन किया है कि वह अपना टीकाकरण उत्सवी माहौल में लगवाएं।

टीकाकरण के लिए जिले में पूर्ण सकारात्मक माहौल बनाया जाए, बड़े स्थानों पर मार्च आयोजित किया जाए। प्रभातफेरी भी आयोजित की जा रही है। स्कूली बच्चों के माध्यम से परिवारों में जागरूकता फैलाना है। स्कूली बच्चे वैक्सिनेशन दूत का कार्य करेंगे। शिक्षा विभाग द्वारा बनाए गए व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से शिक्षक अपने बच्चों के साथ सतत संवाद रखेंगे। बच्चों के द्वारा उनके माता-पिता तथा परिवारों में शत-प्रतिशत टीकाकरण करवाने के लिए मॉनिटरिंग करेंगे।

### घर घर बाटेंगे टीकाकरण के लिए पर्ची

कलेक्टर ने ग्रामीण क्षेत्रों में स्पष्ट निर्देश दिया कि टीकाकरण के लिए प्रत्येक गांव में जाकर पटवारी, सचिव, महिला बाल विकास कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, पंच, सरपंच टीकाकरण के लिए लोगों को प्रोत्साहित करें और उनकी भाषा में उनको समझा है टीकाकरण के लिए लोगों को घर घर से टीकाकरण केंद्र तक लाने के लिए जवाबदारी तय की गई तथा उन्हें वाहनों में बिठाकर टीका केंद्र तक लाकर टीका लगाया जाएगा बनाया गया है। नागरिकों को आमंत्रण पर्चियां घर घर भिजवाई जाएगी। जिसमें उनको दिनांक, वार्ड तथा सेंटर उल्लेखित करते हुए टीका लगवाने के लिए आमंत्रित किया जाए। टीकाकरण केंद्रों पर सेल्फी प्वाइंट बढ़ाए गए है। इसके अलावा टीका लगवाने वाले व्यक्ति को पेरासिटामोल टेबलेट मुहैया करवाने की पर्याप्त तैयारी स्वास्थ्य विभाग रखेगा।

### सभी राजनीतिक पार्टियां व सामाजिक कार्यकर्ता सहयोग करें

कलेक्टर श्री कुमार ने 21 जून से प्रारंभ होने वाले इस टीकाकरण महा अभियान में सभी राजनीतिक पार्टियों, सभी धर्म गुरुओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं, को तथा अन्य संस्थाओं को भी इसमें सहभागी बनकर टीकाकरण के लिए आम लोगों को प्रेरित करने का कार्य करेंगे।

### जागरूकता के लिए निकाली रैली

21 जून से प्रारंभ हो रही मां टीकाकरण अभियान की तैयारियों को लेकर शनिवार की शाम को शहर के विभिन्न वर्गों में होते हुए टीकाकरण के लिए प्रेरित करने के लिए वाहन व बग्गी रैली निकाली गई वाहनों के चारों ओर टीकाकरण को प्रेरित करने के लिए स्लोगन लिखे गए थे।

### टीकाकरण महा अभियान : प्रभारी अधिकारियों की नियुक्ति

21 जून से आरंभ हो रहे टीकाकरण महा अभियान के लिए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने विभिन्न जिला स्तरीय अधिकारियों को प्रभारी अधिकारी के रूप में नियुक्त किया है जो आवंटित केंद्रों पर टीकाकरण अभियान की लक्ष्य प्राप्ति एवं समूची व्यवस्थाओं का पर्यवेक्षण करेंगे। रतलाम जिले में अभियान के दौरान डेढ़ लाख नागरिकों के टीकाकरण का लक्ष्य रखा गया है। प्रथम दिवस 35,000 टीकाकरण का लक्ष्य है। जारी आदेश के अनुसार जो प्रभारी अधिकारी नियुक्त किए गए है उनमें उपसंचालक उद्यानिकी पी.एस. कनेर को आलोट, कार्यपालन यंत्री पीएचई प्रदीप गोगादे को ताल, कार्यपालन यंत्री पीआईयू जयेश मीणा को जावरा, महाप्रबंधक ग्रामीण सड़क आर.एस. तोमर को पिपलोदा, उपसंचालक कृषि ज्ञानसिंह मोहनिया को सैलाना, अनुविभागीय अधिकारी वन मंडल आर.सी. गहलोत को बाजना, जिला शिक्षा अधिकारी के.सी. शर्मा को रतलाम ग्रामीण तथा अनुविभागीय अधिकारी जल संसाधन जी.एस. अवासिया को रतलाम ग्रामीण क्षेत्र का कार्य सौंपा गया है।

### जिले में अनुविभागवार टीकाकरण का लक्ष्य

टीकाकरण महा अभियान के तहत जिले में अनुविभागवार टीकाकरण के लक्ष्य निर्धारित किए गए है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि निर्धारित लक्ष्य के अनुसार रतलाम शहर के लिए 60 हजार, रतलाम ग्रामीण के लिए 22 हजार, जावरा के लिए 31 हजार, आलोट के लिए 22 हजार, सैलाना के लिए 22 हजार का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। 21 जून को रतलाम शहर में 15 हजार, रतलाम ग्रामीण में 4 हजार, जावरा में 8 हजार, आलोट में 4 हजार तथा सैलाना में 4 हजार टीके लगाए जाएंगे। इस प्रकार प्रथम दिवस जिले में कुल 35 हजार टीके लगेंगे। शेष दिवसों में रतलाम शहर में 45 हजार; रतलाम ग्रामीण में 18 हजार, जावरा में 23 हजार, आलोट में 18 हजार तथा सैलाना में 18 हजार टीके लगाए जाएंगे। सभी वैक्सीनेशन केंद्रों पर जनप्रतिनिधि, समाज के प्रबुद्ध नागरिक, धार्मिक, सामाजिक संगठनों के प्रमुख, स्वयंसेवी संस्थाओं, शिक्षाविद, क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप इत्यादि के सदस्यों को प्रेरक के रूप में आमंत्रित कर उत्सव के रूप में अभियान प्रारंभ किया जाएगा।

# मानसून मेहरबान... सीजन में पहली बार धोलावड़ डेम में 0.10 मीटर बढ़ा जलस्तर, हनुमान ताल का किनारा भी दूर नहीं, शहर में 2.36 इंच बारिश

प्रदेश में सबसे ज्यादा जावरा में 6.45 इंच बरसे बादल, ताल में 3.09 इंच बारिश, अब तक पिछड़े थे लेकिन अब हमारे शहर में सामान्य से 6.2 मिमी ज्यादा बारिश

भास्कर संवाददाता | रतलाम 20/6/21

देर आए... दुरुस्त आए... कुछ ऐसा ही हमारे शहर में बारिश के साथ हुआ है। प्रदेश के दूसरे शहरों में बारिश हो रही थी लेकिन हम गर्मी से परेशान थे। शनिवार को मानसून ऐसा मेहरबान हुआ कि 24 घंटे में ही शहर में 2.36 इंच बारिश हो गई जो प्रदेश में तीसरे नंबर पर है। वहीं जावरा में तो 6.45 इंच बारिश हो गई जो पूरे प्रदेश में सबसे ज्यादा है। इधर इस बारिश के दम पर अब तक हम पिछड़े थे लेकिन अब सामान्य से 6.2 मिमी ज्यादा बारिश हो गई है।

शनिवार दोपहर 12 बजे करीब आधे घंटे के लिए बारिश हुई। वहीं 24 घंटे में जिलेभर में 2.11 इंच बारिश हो गई है। इसी के साथ जिले की कुल बारिश 3.55 इंच हो गई है। जबकि अब तक की सामान्य बारिश 3.30 इंच ही है। शहरों के मामले में रतलाम प्रदेश में तीसरे नंबर पर रहा। सीधी में 2.97 इंच व सिवनी में 2.70 इंच बारिश रही। इधर जावरा में प्रदेश में सबसे ज्यादा बारिश रही।

## 18 जून को 384.10 मीटर हो गया था जलस्तर

शनिवार को धोलावड़ का जलस्तर 384.20 मीटर था। सीजन का यह पहला मौका है, जब शहर की प्यास बुझाने वाले इस जलाशय का जलस्तर बढ़ा है। 18 जून को जलस्तर 384.10 मीटर रह गया था जो लगातार कम हो रहा था। 11 जून को 384.25, 5 जून को 384.40, 1 जून को 384.50 मीटर जलस्तर था।



यह हनुमान ताल की तस्वीर है। पानी किनारे से दूर जा चुका था, जो अब दोबारा किनारे के करीब आने लगा है। इस तालाब से आसपास की 7 से ज्यादा कॉलोनियों के बोरवेल्स रिचार्ज होते हैं, वहीं तालाब में पानी भरपूर होने पर ये शहर के पर्यटन का केंद्र होता है।

## 24 घंटे में जिले में कहां कितनी बारिश

| जिला | बारिश |
|---|---|
| जावरा | 6.45 |
| ताल | 3.09 |
| रतलाम | 2.36 |
| सैलाना | 2.20 |
| पिपलौदा | 1.57 |
| आलोट | 0.47 |
| रावटी | 0.47 |
| बाजना | 0.31 |
| जिला | 2.11 |

**समस्या** • पिछले तीन सप्ताह से घरों के नलों में आ रहा है गंदा पानी

# लाइन में लीकेज के चलते घरों में आ रहा है गंदा पानी

भास्कर संवाददाता | रतलाम

[ई]दगाह रोड के क्षेत्रवासी पिछले [त]ीन सप्ताह से गंदा पानी पीने [प]र मजबूर हैं। पानी सप्लाई की [पा]इप लाइन कहीं से लीकेज होने [के] कारण गंदा पानी पाइप लाइन में जा रहा है और वही गंदा पानी क्षेत्र के घरों तक पहुंच रहा है। निगम के अधिकारियों को अवगत कराने के बाद भी उक्त समस्या से क्षेत्रवासियों को निजात नहीं मिल पाई है।

गंदा पानी आने से क्षेत्र के [र]हवासी परेशान हैं। रहवासियों ने [न]िगम के अधिकारियों को शिकायत [क]रने के बाद भी उनकी समस्या का हल नहीं निकल पाया है। क्षेत्र के पुष्पेंद्र फलोदिया, गोविंद सुरेका, चेतन प्रकाश शर्मा ने बताया कोरोना काल में सभी सावधानी रख रहे हैं। ऐसे में घरों में गंदा पानी आ रहा है। उन्होंने बताया कहीं न कहीं गंदा पानी पाइप लाइन में आने के कारण यह स्थिति निर्मित हो रही है। पानी गंदा होने के साथ ही बदबू भी आ रही है। गंदा पानी आने के कारण क्षेत्र के हैंडपंप व फिल्टर पानी की कैनें मंगवाकर कर काम चला रहे हैं। क्षेत्र में कुल 40 मिनट पानी आता है उसमें से 20 मिनट तक गंदा पानी और शेष 20 मिनट आने वाला पानी में भी बदबू आती है। इस समस्या से निपटने के लिए कुछ परिजन ने एक्वागार्ड आरो सिस्टम भी लगवाया लेकिन पानी से बदबू नहीं जा रही है।

क्षेत्र के सतीश सोनी, राहुल चावड़ा, सुनील विश्वकर्मा, अशोक, मधुसूदन बैरागी, जितेंद्र शर्मा, पिंटू शर्मा, नितिन फलोदिया, सागर शर्मा, दीपक शर्मा, सौरभ चावड़ा, भरत सेन, नितिन सेन, राजेंद्र शर्मा सहित अन्य ने बताया कि गंदे पानी की समस्या को लेकर क्षेत्रवासी परेशान हैं। इन्होंने निगम प्रशासन से जल्द जल्द इस समस्या से निजात दिलाने की मांग की।



इस तरह का गंदा पानी आता है नलों में।

*पाइप लीकेज हो गया है। काफी प्रयास के बाद पाइप का लीकेज तोपखाना क्षेत्र में मिला है। सोमवार तक पाइप बदल कर लीकेज को ठीक कर दिया जाएगा। इसके बाद क्षेत्रवासियों को शुद्ध पानी मिलने लगेगा।*

**मोहनलाल ओसारी,**
जोन प्रभारी जल प्रदाय विभाग (नगर निगम)

भास्कर 20/6/21

---

**प्लान तैयार** • प्रदेश में 38वें नंबर पर रतलाम, यहां के 17 गांव संवेदनशील माने

# मलेरिया के इस साल सिर्फ 10 केस... लेकिन बारिश में सावधानी जरूरी, जलजमाव भी रोकें

भास्कर संवाददाता | रतलाम

बारिश का मौसम शुरू हो चुका है। अब आपको मच्छरों से भी सावधान रहना होगा। इस साल हमारे शहर में मलेरिया के सिर्फ 10 केस ही सामने आए हैं लेकिन सावधानी नहीं रखी तो केस की संख्या बढ़ सकती है। जिले के 17 गांवों को संवेदनशील माना गया है। मलेरिया विभाग की टीम ने प्लान तैयार कर लिया है।

2021 में अब तक सिर्फ 10 केस ही मिले हैं जबकि 89 हजार से ज्यादा लोगों की जांच हो चुकी है। इधर अब बारिश का सीजन शुरू हो चुका है, ऐसे में खतरा बरकरार है। 2017 और उससे पहले हमारे जिले में मलेरिया के मामले 1 हजार से ज्यादा ही रहे हैं। 2019 में केस 500 से कम हो गए थे, पिछले साल 20 केस मिले थे। बारिश के साथ ही मलेरिया विभाग की टीम भी जुट गई है। जिले के 17 गांव संवेदनशील हैं अतः 1970 घरों में दवा का छिड़काव के साथ ही समय-समय पर सर्वे किया जाएगा।

### मलेरिया, जांच, केस

| वर्ष | जांच | पॉजिटिव |
|---|---|---|
| 2017 | 184707 | 1048 |
| 2018 | 185306 | 663 |
| 2019 | 179514 | 263 |
| 2020 | 205141 | 20 |
| 2021 | 89000 | 10 |

### आप ऐसे करें मलेरिया से बचाव

- घरों के अंदर मच्छरों को नष्ट करने का प्रबंध करें।
- घरों व आसपास गड्ढों, नालियों, बेकार पड़े खाली डिब्बों, पानी की टंकियों, गमलों, टायर ट्यूब में पानी इकट्ठा न होने दें।
- सप्ताह में एक बार पानी से भरी टंकियों मटके, कूलर आदि खाली करके सुखा दें।
- जहां पानी एकत्रित होने से रोका नही जा सके वहां पानी पर मिट्टी का तेल या जला हुआ तेल (मोबिल ऑयल) छिड़कें।
- मच्छरों से बचने के लिए घर के दरवाजों और खिड़कियों में लोहे की जाली लगवाएं।

**सावधान रहना होगा** *इस साल बहुत कम केस मिले हैं लेकिन सावधान रहना होगा। मच्छरों से बचाव करें।*
**डॉ. प्रमोद प्रजापति,** मलेरिया अधिकारी, रतलाम।

**तैयारियां करने का कहा है** *रतलाम में विजिट हुई थी, रैपिड फीवर सर्वे का कहा है। सभी तैयारियां करने का कहा है।*
**डॉ. हिमांशु जायसवार,** राज्य कार्यक्रम अधिकारी


20/6/21

# कोरोना की 'सफाई' के लिए कल से महाअभियान

20/6/21

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

**भोपाल.** प्रदेश में कोरोना पर जीत पाने सोमवार को योग दिवस से वैक्सीनेशन का महाअभियान शुरू होगा। स्वच्छता की तर्ज पर वैक्सीनेशन की रैंकिंग होगी, जो गांव और पंचायत स्तर पर होगी। इसके लिए सात हजार सेंटरों की व्यवस्था की गई है। यहां हर दिन 10 लाख लोगों को टीका लगाया जाएगा। सीएम शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को प्रदेश के नागरिकों को वर्चुअली संबोधित करते हुए कहा कि सुबह 10 बजे से शुरू होने वाला यह महाअभियान धर्मगुरुओं, स्वयंसेवी संस्थाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं, राजनीतिक दलों, सांसदों, मंत्रियों, विधायकों और जन-प्रतिनिधियों के सहयोग से ही संभव हो पाएगा।



**7000 सेंटरों पर हर दिन लगेगा 10 लाख लोगों को टीका**

## 75-80 हजार तक होंगे टेस्ट

**शिवराज** ने कहा, वैक्सीनेशन अभियान 21 जून से लगातार जारी रहेगा। एक से तीन जुलाई के बीच और बड़ा महाअभियान चलाया जाएगा, जिसमें वे खुद भी शामिल होंगे। प्रदेश में कोरोना टेस्टिंग की संख्या भी बढ़ाई जा रही है। अब प्रतिदिन 75-80 हजार टेस्ट होंगे। सीएम ने कहा, लोग डरें नहीं। इस बीच यदि कोई संक्रमित होता है तो इलाज की सुविधा भी है। किल कोरोना अभियान भी जारी रहेगा।

### अस्पतालों में बढ़ेगी बिस्तरों की संख्या

**अस्पतालों** में भी व्यवस्थाएं बढ़ाने का काम जारी है। बेड, आइसोलेशन बेड, ऑक्सीजन बेड, आइसीयू बेड, बच्चों के वार्ड, दवाई की व्यवस्था के साथ ऑक्सीजन प्लांट भी स्थापित किए जा रहे हैं।

## ...ताकि चलती रहे जिंदगी

मुख्यमंत्री ने कहा, तीसरी लहर की संभावना व्यक्त की जा रही है। ऐसे में फिर से कोरोना संक्रमितों की संख्या बढ़ सकती है। लेकिन हम बार-बार लॉकडाउन नहीं कर सकते। आखिर व्यापार और रोजगार कब तक बंद रखेंगे। इससे गरीबों को नुकसान होता है। व्यापार और उद्योग-धंधे चौपट हो जाते हैं। इसलिए अब हमें ऐसा तरीका खोजना होगा, जिससे जिंदगी भी चलती रहे और कोरोना पर भी नियंत्रण किया जा सके। इसके लिए वैक्सीन का सुरक्षा कवच और कोरोना प्रोटोकॉल का पालन ही सबसे बेहतर उपाय है। प्रयास है कि अक्टूबर तक हम अधिकतम लोगों को वैक्सीन लगा दें, ताकि कोरोना की तीसरी लहर आए भी तो हम सभी मिलकर मुकाबला कर सकें।


सीएम बोले- बा
संभव नहीं, अब
राज्य में टीकाक

ग्वालि
साथ
अंतरराष्ट्
जो भी
50 लोग
टीवी, फ्र
आकर्ष
कलेक्ट
बनाई है
300 द
पर ये

# महा अभियान कल से, 56 केंद्रों पर टीकाकरण

## कोरोना से बचाव के लिए पहले दिन 30 हजार टीके लगाए जाएंगे, आनस्पाट होगी बुकिंग

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। कोरोना वैक्सीनेशन के महा अभियान की शुरुआत 21 जून से समारोहपूर्वक होगी। अभियान की तैयारी हो गई है।




जिले में कुल 160 सत्रों में सात दिन तक टीकाकरण किया जाएगा। कुल 1.5 लाख टीके लगाने का लक्ष्य है। यह जानकारी कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में पत्रकार वार्ता में दी। इस दौरान एसपी गौरव तिवारी, सीईओ जिला पंचायत मीनाक्षीसिंह, अपर कलेक्टर जमुना भिड़े आदि उपस्थित थे।

शहर में सभी 49 वार्डों में केंद्र बनाने के साथ ही छह अन्य स्थानों पर विशेष कैंप भी लगाए जाएंगे। टीकाकरण दिवस पर जिला स्तरीय कंट्रोल रूम 1075 के माध्यम से प्रत्येक घंटे में टीकाकरण कार्यक्रम की प्रगति की निगरानी की जाएगी। वैक्सीनेशन केंद्रों पर सेल्फी प्वाइंट रहेंगे। घर-घर वैक्सीनेशन के लिए आमंत्रण पत्रों का वितरण होगा। सभी वैक्सीनेशन केंद्रों पर जनप्रतिनिधि, समाज के प्रबुद्ध नागरिक, धार्मिक, सामाजिक संगठनों के प्रमुख, स्वयंसेवी संस्थाओं, शिक्षाविद, क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप के सदस्यों को प्रेरक के रूप में आमंत्रित कर उत्सव के रूप में अभियान प्रारंभ किया जाएगा।


रतलाम में जनजागरूकता फ्लैग मार्च के माध्यम से लोगों को वैक्सीनेशन के लिए प्रेरित किया गया। • नईदुनिया

### चार नए मरीज मिले

रतलाम। जिले में शनिवार को चार नए पाजिटिव केस सामने आए। 11 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया गया। अब एक्टिव मरीजों की संख्या 155 है। जिले में अब तक 17465 पाजिटिव केस सामने आ चुके हैं, वहीं 16999 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया जा चुका है। मौत का कुल आंकड़ा 311 है।

**मेडिकल कालेज में 526 बेड खाली**

शासकीय मेडिकल कालेज हास्पिटल से शनिवार को आठ मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया गया। डीन डा. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि दो नए मरीजों को भर्ती किया गया। वर्तमान में 24 मरीज अस्पताल में भर्ती हैं।






### स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया

जिले के स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की ड्यूटी महा अभियान में लगाई गई है। शनिवार को कलेक्ट्रेट परिसर पर शहरी क्षेत्र की 57 मोबिलाइजर, सपोर्ट स्टाफ वेरीफायर वैक्सीनेटर और कम्युनिकेशन प्रभारी को हैंड्स आन प्रशिक्षण प्रदान एसडीएम अभिषेक गहलोत, तहसीलदार अनीता चकोटिया एवं रतलाम शहरी क्षेत्र टीकाकरण प्रभारी लोकेश मैरिया आदि ने दिया।

**प्रभारी अधिकारियों की नियुक्ति**

टीकाकरण महा अभियान के लिए कलेक्टर ने विभिन्न जिला स्तरीय अधिकारियों को प्रभारी अधिकारी के रूप में नियुक्त किया है जो आवंटित केंद्रों पर टीकाकरण अभियान की लक्ष्य प्राप्ति व व्यवस्थाओं का पर्यवेक्षण करेंगे। प्रभारी अधिकारियों में उपसंचालक उद्यानिकी पीएस कनेल को आलोट, कार्यपालन यंत्री पीएचई प्रदीप गोगादे को ताल, कार्यपालन यंत्री पीआइयू जयेश मीना को जावरा, महाप्रबंधक ग्रामीण सड़क आरएस तोमर को पिपलौदा, उपसंचालक कृषि ज्ञानसिंह मोहनिया को सैलाना, अनुविभागीय अधिकारी वन मंडल आरसी गहलोत को बाजना, जिला शिक्षा अधिकारी केसी शर्मा को रतलाम ग्रामीण तथा अनुविभागीय अधिकारी जल संसाधन जीएस अवासिया को रतलाम ग्रामीण क्षेत्र का कार्य सौंपा गया है।

**अनुविभागवार टीकाकरण का लक्ष्य**

| | |
|---|---|
| रतलाम शहर | 60000 |
| रतलाम ग्रामीण | 22000 |
| जावरा | 31000 |
| आलोट | 22000 |
| सैलाना | 22000 |

**टीकाकरण कराने का आह्वान**

वर्तमान में कोरोना के खिलाफ लड़ने के लिए वैक्सीनेशन ही एक उपाय है। कोरोना की पहली व दूसरी लहर के से अधिक टीकाकरण कराने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि आने वाली चेतावनी व इस भयावह परिस्थिति से निपटने के लिए निर्धारित केंद्र पर जाकर टीकाकरण कराएं।

**पहले दिन के लिए 35 हजार वैक्सीन पहुंचाई**

21 जून के लिए रतलाम शहर में 15 हजार, रतलाम ग्रामीण में चार हजार, जावरा में आठ हजार, आलोट में चार हजार तथा सैलाना में चार हजार टीके उपलब्ध कराए गए हैं। इस तरह कुल 35 हजार टीकों की व्यवस्था रहेगी। शेष दिवसों में रतलाम शहर में 45 हजार, रतलाम ग्रामीण में 18 हजार, जावरा में 23 हजार, आलोट में 18 हजार तथा सैलाना में 18 हजार टीके दिए जाएंगे।

**यहां भी होगा टीकाकरण**

डिस्पेंसरी (सिर्फ रेलवे कर्मचारी व परिवार ) इप्का (इप्का के कर्मचारियों के लिए) श्रीराम फैक्ट्री (औद्योगिक क्षेत्र कर्मचारियों के लिए) होंडा शोरूम (आटो मोबाइल कर्मचारी के लिए)।

### रतलाम शहर में वार्ड वार सेंटर बनाए

वार्ड 1 - कंकू मंत्रम मैरिज हाल, गांधीनगर, प्राथमिक विद्यालय शिवनगर वार्ड 2 रामकला सभागृह, लक्ष्मणपुरा, वार्ड 3 राठौर समाज धर्मशाला जवाहर नगर, 4 महर्षि दयानंद वैदिक विद्यालय, 5 गुरु रामदास स्कूल विनोबा नगर, 6 मार्निंग स्टार स्कूल इंदिरा नगर, 7 कम्युनिटी हाल अलकापुरी, 8 संत नामदेव पब्लिक स्कूल विनोबा नगर, 9 साई एकेडमी स्कूल 80 फीट रोड रत्नपुरी, 10 सिंधु गुरुद्वारा, मोहन नगर, 11 बोधि स्कूल, डोंगर नगर, 12 सुमंगल गार्डन कस्तूरबा नगर, 13 सिद्धेश्वर वाटिका सिखवाल नगर, 14 सरस्वती स्कूल काटजू नगर, 15 मांगलिक भवन सुभाषनगर, 16 काश्यप सभागृह सागोद रोड, 17 उत्कृष्ट स्कूल सागोद रोड, 18 शांति निकेतन टाटानगर, 19 राधाकृष्ण माध्यमिक विद्यालय दिनदयाल नगर, 20 सरस्वती स्कूल अमृतसागर, 21 नरसिंह वाटिका सिलावटों का वास, 22 मानस भवन मोतीनगर, 23 ज्योति कान्वेंट स्कूल बालाजी नगर, 24 रूहीफरोश जमातखाना सागर चबूतरा, 25 सगरवंशी माली समाज धर्मशाला मालीकुंआ, 26 संत मीरा स्कूल बाबरिया बाजार, 27 जमातखाना शेरानीपुरा, 28 मांगलिक भवन दिलीपनगर, 29 डीआरपी लाइन आनंद कालोनी, 30 काजीखान मस्जिद जावरा रोड, 31 शासकीय प्रा.स्कूल डोसीगांव, 32 उजाला पैलेस स्टेशन रोड, 33 लायंस हाल पावर हाउस रोड, 34 रंगोली गीता मंदिर रोड, 35 मेहंदी कुई बालाजी नगर निगम, 36 धर्मशाला कालिका माता, 37 ला कालेज आनंद कालोनी 38 जमातखाना शेरानीपुरा, 39 शा.कला एवं विज्ञान महाविद्यालय, 40 कन्या विद्यालय कोठारी वास, 41 शा. हायर सेकंडरी स्कूल माणक चौक, 42 मोहन टाकीज, 43 माहेश्वरी धर्मशाला कसारा बाजार, 44 बोहरा कम्युनिटी हाल बोहरा बाखल, 45 जाट धर्मशाला सुतारों का वास, 46 आइएमए हाल, राजेंद्र नगर, 47 मदरसा तालीमुल कुरआन नयापुरा हाट रोड, 48 सूरजमल वेदव्यास कालोनी, 49 सिखवाल समाज धर्मशाला ब्राह्मणों का वास केंद्र पर टीका लगवाया जा सकेगा।

**जागरूकता के लिए फ्लैगमार्च निकाला**

शनिवार को कलेक्टर, एसपी एवं जिला अधिकारियों द्वारा जनजागरूकता फ्लैग मार्च के माध्यम से लोगों को वैक्सीनेशन के लिए प्रेरित किया। नवीन कलेक्ट्रेट भवन परिसर से फ्लैग मार्च महू रोड, कान्वेंट स्कूल तिराहा, आनंद कालोनी, शेरानीपुरा, मोचीपुरा, धानमंडी बाजार, बिबड़ौदवास, हरमाला रोड, घास बाजार, चौमुखीपुल, अमृत सागर क्षेत्र, दीनदयाल नगर, सागोद रोड, [illegible]

### पूरे जिले में बनेंगे 150 सेंटर, डेढ़ लाख लोगों को 7 दिन में वैक्सीन लगाने की तैयारी

# तीसरी लहर से बचाव के लिए जिले में चलेगा टीकाकरण महाभियान

दबंग रिपोर्टर ■ रतलाम

सोमवार से जिले में डेढ़ लाख लोगों को 7 दिनों में कोरोना टीका लगाने के लक्ष्य के साथ टीकाकरण महाभियान प्रारंभ किया जाएगा। भारत में कोरोना की तीसरी लहर का खतरा बरकरार है जिससे बचने का एकमात्र साधन टीकाकरण है और तेजी से 100 फीसदी जनता को टीका लगाना ही प्राथमिकता है जिसमें सभी को सहयोग करना होगा।

ये बातें कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने शनिवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित पत्रकार वार्ता में कही। उन्होंने महाभियान के बारे में जानकारी दी कि 21 से 29 जून तक मंगलवार और शुक्रवार छोड़कर सभी दिनों में लगभग 30 हजार लोगों को प्रतिदिन वैक्सीनेट करने की कोशिश की जाएगी। इसके लिए 18 प्लस के युवाओं को भी पूर्व रजिस्ट्रेशन की आवश्यकता नहीं होगी। पूरे जिले में 150 वैक्सीनेशन सेंटर और शहर में 56 वैक्सीनेशन सेंटर बनाए जा रहे हैं जहां कोई भी व्यक्ति फोटो आईडी लेकर पहुंच सकता है। सेंटर पर नागरिकों को इंतजार न करना पड़े इसके भी प्रबंध किए जा रहे हैं। कलेक्टर ने कहा कि अभियान में जागरुकता बढ़ाने के लिए प्रचार रथ, वैक्सीनेशन के लिए फ्लैग मार्च, धर्मगुरुओं के साथ चर्चा के बाद उनके द्वारा लोगों को प्रेरित करवाना भी करवाया जाएगा। सेंटर पर सबसे पहले वैक्सीन लगवाने वालों को सम्मानित भी किया जाएगा। शहर और गांवों में क्राईसिस मैनेजमेंट समिति के सदस्य घर-घर जाकर लोगों को टीका लगवाने का आमंत्रण पत्र भी बाटेंगे। बीएलओ की तरह सदस्य घर-घर जाकर टीकाकरण केंद्र और समय की पर्ची भी लोगों को देंगे ताकि विशेषकर ग्रामीण अंचलों में लोगों को केंद्र ढूढने में परेशानी न हो। कलेक्टर ने यह भी बताया कि सोमवार से टीकाकरण नहीं करवाने वाले दुकानदारों को दुकान खोलने, फेरी लगाने, व्यवसाय करने की अनुमति नहीं रहेगी।

इस दौरान एसपी गौरव तिवारी, सीईओ मीनाक्षी सिंह, कोरोना नोडल अधिकारी डॉ. प्रमोद प्रजापति, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. वर्षा कुरील, डॉ गौरव बोरीवाल आदि मौजूद थे।



## आदिवासी अंचलों में विशेष तैयारी

इस दौरान प्रेजेंटेशन के माध्यम से कलेक्टर ने बताया कि टीकाकरण में बाजना क्षेत्र सबसे पीछे है। आदिवासी अंचलों में टीकाकरण का प्रतिशत बढ़ाने के लिए टीके के प्रति भ्रांतियां और सवालों को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए यहां समाज के पटेल, गांव के सरपंच आदि को साथ लेकर समझाईश दी जा रही है। इसके अलावा यहां पटवारी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओ आदि शासकीय कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है कि इन्हें लोगों को मोटिवेट करके सेंटर तक टीका लगवाने के लिए लाना है।

## स्कूली बच्चे बनेंगे दूत, करेंगे प्रेरित

कलेक्टर ने कहा कि तीसरी लहर में बच्चों के संक्रमित होने की आशंका जताई गई है। ऐसे में अभिभावकों, परिवार के सभी सदस्यों को टीका लगवाना अनिवार्य है ताकि बच्चों तक कोरोना का संक्रमण फैलने से रोका जा सके। इस अभियान में शिक्षा विभाग को अहम जिम्मेदारी दी गई है। शिक्षा विभाग द्वारा बनाए गए व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से शिक्षक अपने बच्चों के साथ सतत संवाद रखेंगे। बच्चों के द्वारा उनके माता-पिता तथा परिवारों में शत प्रतिशत टीकाकरण करवाने के लिए मॉनीटरिंग करेंगे। बच्चे दूत के रूप में अभिभावकों को प्रेरित करेंगे। कलेक्टर ने बताया कि टीकाकरण केंद्रों पर सेल्फी प्वाइंट भी बनाए जाएंगे और पैरासिटामोल आदि टेबलेट का वितरण भी होगा।


20/6/21

# ोना की 'सफाई' के लिए कल से महाअभियान

## सीएम बोले- बार-बार लॉकडाउन संभव नहीं, अब योग दिवस से राज्य में टीकाकरण का मेगा-शो

टवर्क

कोरोना पर
योग दिवस
हाअभियान
की तर्ज पर
न होगी, जो
र पर होगी।
सेंटरों की
। यहां हर
ों को टीका
म शिवराज
र को प्रदेश
वर्चुअली
कहा कि



**7000 सेंटरों पर हर दिन लगेगा 10 लाख लोगों को टीका**

सुबह 10 बजे से शुरू होने वाला यह महाअभियान धर्मगुरुओं, स्वयंसेवी संस्थाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं, राजनीतिक दलों, सांसदों, मंत्रियों, विधायकों और जन-प्रतिनिधियों के सहयोग से ही संभव हो पाएगा।

### 75-80 हजार तक होंगे टेस्ट

**शिवराज** ने कहा, वैक्सीनेशन अभियान 21 जून से लगातार जारी रहेगा। एक से तीन जुलाई के बीच और बड़ा महाअभियान चलाया जाएगा, जिसमें वे खुद भी शामिल होंगे। प्रदेश में कोरोना टैस्टिंग की संख्या भी बढ़ाई जा रही है। अब प्रतिदिन 75-80 हजार टेस्ट होंगे। सीएम ने कहा, लोग डरें नहीं। इस बीच यदि कोई संक्रमित होता है तो इलाज की सुविधा भी है। फिल कोरोना अभियान भी जारी रहेगा।

### अस्पतालों में बढ़ेगी बिस्तरों की संख्या

**अस्पतालों** में भी व्यवस्थाएं बढ़ाने का काम जारी है। बेड, आइसोलेशन बेड, ऑक्सीजन बेड, आइसीयू बेड, बच्चों के वार्ड, दवाई की व्यवस्था के साथ ऑक्सीजन प्लॉंट भी स्थापित किए जा रहे हैं।

### ...ताकि चलती रहे जिंदगी

मुख्यमंत्री ने कहा, तीसरी लहर की संभावना व्यक्त की जा रही है। ऐसे में फिर से कोरोना संक्रमितों की संख्या बढ़ सकती है। लेकिन हम बार-बार लॉकडाउन नहीं कर सकते। आखिर व्यापार और रोजगार कब तक बंद रखेंगे। इससे गरीबों को नुकसान होता है। व्यापार और उद्योग-धंधे चौपट हो जाते हैं। इसलिए अब हमें ऐसा तरीका खोजना होगा, जिससे जिंदगी भी चलती रहे और कोरोना पर भी नियंत्रण किया जा सके। इसके लिए वैक्सीन का सुरक्षा कवच और कोरोना प्रोटोकॉल का पालन ही सबसे बेहतर उपाय है। प्रयास है कि अक्टूबर तक हम अधिकतम लोगों को वैक्सीन लगा दें, ताकि कोरोना की तीसरी लहर आए भी तो हम सभी मिलकर मुकाबला कर सकें।

### ग्वालियर: वैक्सीन के साथ उपहार भी देंगे

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) पर जो भी वैक्सीन लगवाएंगे, उनमें से 50 लोगों को लकी ड्रॉ के जरिए टीवी, फ्रीज, वॉशिंग मशीन सहित कई आकर्षक इनाम दिए जाएंगे। योजना कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने बनाई है। उन्होंने टीकाकरण के लिए 300 दल भी बनाए हैं। बेहतर प्रदर्शन पर ये भी पुरस्कृत होंगे।

# वैक्सीनेशन का महाअभियान 21जून से चलाया जाएगा

**- पांच दिनों में डेढ़ लाख लोगों को वैक्सीन लगाने का लक्ष्य- बिना पूर्व बुकिंग 18 प्लस से ऊपर आयु वर्ग के व्यक्ति टीका लगवा सकेंगे**

**रतलाम। जिले भर में 21 जून से कोरोना बचाव के लिए टीकाकरण को महा अभियान के रुप में मनाया जाएगा। पांच दिनों तक चलने वाले इस वैक्सीनेशन में एक लाख पचास हजार टीकाकरण का लक्ष्य रखा गया है।**





जिला कलेक्टर कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में जिलाधीश कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि जिले भर में वैक्सीनेशन का कार्य महा अभियान के रूप में प्रारंभ होगा जिसकी तैयारियां वृहद स्तर पर की गई है। कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने टीकाकरण की तैयारियों के बारे में बताया कि वैक्सीनेशन महा अभियान में कोई भी व्यक्ति जो 18 वर्ष से ऊपर आयु का है वह अपने परिचय पत्र के साथ बगैर पूर्व बुकिंग कराएं सेंटर पर आकर टीका लगवा सकता है। अभियान में आयु बंधन नहीं रहेगा, पूर्व से स्लॉट बुकिंग भी नहीं करानी पड़ेगी। स्पॉट पर ही पंजीयन होगा।

कलेक्टर ने बताया कि 7 दिनों तक टीकाकरण किया जाएगा जिसके लिए जिले भर में 150 केंद्रों पर तथा रतलाम शहर में 52 केंद्रों पर टीकाकरण होगा। मंगलवार व रविवार को दूसरे टीकाकरण का कार्य चलता है इसलिए यह वैक्सीनेशन का कार्य बंद रहेगा। प्रातः 9 बजे से सभी केंद्र पर टीकाकरण प्रारंभ होगा। प्रतिदिन जिले भर में तीस हजार टीकाकरण का लक्ष्य रखा गया है तथा प्रत्येक केंद्र पर 300 से अधिक का लक्ष्य है। टीकाकरण केंद्रों पर सतत निगरानी के लिए अलग से जिला स्तरीय टीम बनाई गई है जो सतत टीकाकरण केंद्रों पर भ्रमण करेगी।

**व्यवसाय करने वाले को टीकाकरण अनिवार्य**-कलेक्टर कुमार स्पष्ट निर्देश दिए है कि जिले भर में व्यवसाय करने वाले, चाय,सब्जी या हाथ ठेला लगाते हो या अन्य व्यवसाय करते हो सभी का टीकाकरण अनिवार्य है यदि वे टीका नहीं लगाते तो वह अपनी दुकानें नहीं खोल पाएंगे वर्तमान में तो टीके की कमी के कारण व्यापारियों पर दबाव नहीं था लेकिन अब उन्हें टीकाकरण करवाना अनिवार्य है नहीं तो वह अपनी दुकान नहीं खोल पाएंगे।

**उत्सवी माहौल में लगवाए टीका**-जिलाधीश कुमार ने जिला वासियों से निवेदन किया है कि वह अपना टीकाकरण उत्सवी माहौल में लगवाएं टीकाकरण के लिए जिले में पूर्ण सकारात्मक माहौल बनाया जाए, बड़े स्थानों पर मार्च आयोजित किया जाए। प्रभातफेरी भी आयोजित की जा रही है। स्कूली बच्चों के माध्यम से परिवारों में जागरूकता फैलाना है। स्कूली बच्चे वेक्सिनेशन दूत का कार्य करेंगे। शिक्षा विभाग द्वारा बनाए गए व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से शिक्षक अपने बच्चों के साथ सतत संवाद रखेंगे। बच्चों के द्वारा उनके माता-पिता तथा परिवारों में शत प्रतिशत टीकाकरण करवाने के लिए मानिटरिंग करेंगे।

**घर घर बाटेंगे टीकाकरण के लिए पर्ची**-कलेक्टर ने ग्रामीण क्षेत्रों में स्पष्ट निर्देश दिया कि टीकाकरण के लिए प्रत्येक गांव में जाकर पटवारी, सचिव, महिला बाल विकास कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, पंच, सरपंच टीकाकरण के लिए लोगों को प्रोत्साहित करें और उनकी भाषा में उनको समझा है टीकाकरण के लिए लोगों को घर घर से टीकाकरण केंद्र तक लाने के लिए जवाबदारी तय की गई तथा उन्हें वाहनों में बिठाकर टिका केंद्र तक लाकर टीका लगाया जाएगा बनाया गया है। नागरिकों को आमंत्रण पर्चियां घर घर भिजवाई जाएगी। जिसमें उनको दिनांक, वार्ड तथा सेंटर उल्लेखित करते हुए टीका लगवाने के लिए आमंत्रित किया जाए। टीकाकरण केंद्रों पर सेल्फी प्वाइंट बढ़ाए गए हैं। इसके अलावा टीका लगवाने वाले व्यक्ति को पेरासिटामोल टेबलेट मुहैया करवाने की पर्याप्त तैयारी स्वास्थ्य विभाग रखेगा।

**सभी राजनीतिक पार्टियां व सामाजिक कार्यकर्ता सहयोग करें**-कलेक्टर श्री कुमार ने 21 जून से प्रारंभ होने वाले इस टीकाकरण महा अभियान में सभी राजनीतिक पार्टियों, सभी धर्म गुरुओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं, को तथा अन्य संस्थाओं को भी इसमें सहभागी बनकर टीकाकरण के लिए आम लोगों को प्रेरित करने का कार्य करेंगे।

**जागरूकता के लिए निकाली रैली**

21 जून से प्रारंभ हो रहे टीकाकरण अभियान की तैयारियों को लेकर शनिवार की शाम को शहर के विभिन्न वर्गों में होते हुए टीकाकरण के लिए प्रेरित करने के लिए वाहन व बग्गी रैली निकाली गई वाहनों के चारों ओर टीकाकरण को प्रेरित करने के लिए स्लोगन लिखे गए थे।

# 21 से जिले में शुरु होगा कोविड टीकाकरण महाअभियान, डेढ लाख टीके लगाएंगे

**रतलाम।** कोरोना के खिलाफ चल रही जंग में 21 जून से जिले में कोविड टीकाकरण महाअभियान शुरु किया जाएगा। टीकाकरण के इस महाअभियान जिले में कोरोना वैक्सीन के कुल डेढ लाख डोज दिए जाने का लक्ष्य रखा गया है। जिले में अब तक 2 लाख 17 हजार से अधिक लोगों को वैक्सीन का पहला डोज व 38 हजार से अधिक लोगों को दूसरा डोज दिया जा चुका है।

## ▸ कलेक्टर ने पत्रकारवार्ता में दी जानकारी

उक्त जानकारी कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने शनिवार को आयोजित एक प्रेस वार्ता में दी। कलेक्टर पुरुषोत्तम ने कोरोना महामारी के अब तक के आंकड़ों की जानकारी देते हुए बताया कि महामारी की दूसरी लहर पहली लहर की तुलना में बेहद खतरनाक साबित हुई। पहली लहर में फरवरी 2021 तक जहां जिले में कुल 82223 लोगों के कोरोना टेस्ट किए गए थे और इनमें केवल 4802 लोग कोरोना पाजिटिव पाए गए थे। पहली लहर में कोरोना का पाजिटिविटी रेट 5.84 प्रतिशत रहा था। कोरोना की दूसरी लहर में मार्च 2021 से जून 2021 तक के चार महीनों में 106569 मरीजों के सैम्पल्स लिए गए और इनमें 13009 मरीज कोरोना से संक्रमित पाए गए। इन चार महीनों में पाजिटिविटी रेट 12.21 प्रतिशत रहा था। इन चार महीनों में अप्रैल का महीना सबसे खतरनाक रहा था, जिसमें पाजिटिविटि रेट 18.14 प्रतिशत था। कलेक्टर श्री पुरुषोत्तम ने अब तक हुए टीकाकरण की जानकारी देते हुए बताया कि टीकाकरण का अब तक का लक्ष्य 1117893 का रखा गया था, जिसके विरुद्ध जिले में कुल 217097 लोगों को वैक्सीन का पहला डोज दिया जा चुका है। जो कि कुल जनसंख्या का 19.42 प्रतिशत है। जबकि दूसरे डोज के लक्ष्य 217097 के विरुद्ध 38449 लोगों को दूसरा डोज दिया जा चुका है। शहर में अब तक 26.25 प्रतिशत लोगों को टीके की पहली डोज दी जा चुकी है। जबकि 4 प्रतिशत लोगों को दूसरी डोज दी जा चुकी है। विकासखण्डों में जावरा में 8.38 प्रतिशत, सैलाना में 6.4 प्रतिशत, आलोट में 5.44 प्रतिशत, पिपलौदा में 4.96 प्रतिशत और सबसे कम बाजना में 3.01 प्रतिशत लोगों को वैक्सीन की पहली डोज दी गई है। कलेक्टर ने 21 जून से शुरु होने वाले टीकाकरण महाअभियान की जानकारी देते हुए बताया कि 21 से 31 जून तक चलने वाले इस महाअभियान में जिले के कुल डेढ लाख लोगों को वैक्सीन लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इसमें पहले दिन 30 हजार डोज के साथ शुभारंभ किया जाएगा फिर प्रत्येक दिन 20 हजार डोज लगाए जाएंगे। विकासखण्ड वार रतलाम शहर में 60 हजार डोज लगाए जाएंगे।

## प्रभारी अधिकारियों की नियुक्ति

जून से आरंभ हो रहे टीकाकरण महा अभियान के लिए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने विभिन्न जिला स्तरीय अधिकारियों को प्रभारी अधिकारी के रूप में नियुक्त किया है जो आवंटित केंद्रों पर टीकाकरण अभियान की लक्ष्य प्राप्ति एवं समूची व्यवस्थाओं का पर्यवेक्षण करेंगे। रतलाम जिले में अभियान के दौरान डेढ लाख नागरिकों के टीकाकरण का लक्ष्य रखा गया है। प्रथम दिवस 35,000 टीकाकरण का लक्ष्य है। जारी आदेश के अनुसार जो प्रभारी अधिकारी नियुक्त किए गए हैं उनमें उपसंचालक उद्यानिकी पीएस कनेर को आलोट, कार्यपालन यंत्री पीएचई प्रदीप गोगादे को ताल, कार्यपालन यंत्री पीआईयू जयेश मीणा को जावरा, महाप्रबंधक ग्रामीण सड़क आरएस तोमर को पिपलोदा, उपसंचालक कृषि ज्ञानसिंह मोहनिया को सैलाना, अनुविभागीय अधिकारी वन मंडल आरसी गहलोत को बाजना, जिला शिक्षा अधिकारी केसी शर्मा को रतलाम ग्रामीण तथा अनुविभागीय अधिकारी जल संसाधन जीएस अवासिया को रतलाम ग्रामीण क्षेत्र का कार्य सौंपा गया है।

नवभारत 20/6/21

# मुख्यमंत्री कोविड-19 विशेष अनुग्रह योजना के संबंध में निर्देश जारी

**भोपाल ● 19 जून (वा)** 20.6.21

मध्यप्रदेश में कोविड–19 के संक्रमण से उत्पन्न परिस्थितियों में राज्य की सेवा में कार्यरत कर्मियों की आकस्मिक मृत्यु होने पर उनके परिवार को तात्कालिक आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री कोविड–19 विशेष अनुग्रह योजना लागू की गई है।

योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए यह निर्णय लिया गया है कि समस्त आवेदन एमपी सर्विस पर लिंक के माध्यम से केवल ऑनलाइन ही मान्य किए जाएंगे। संबंधित कार्यालय द्वारा आवेदनों के निराकरण और प्रगति की स्थिति भी ऑनलाइन पोर्टल पर अनिवार्यत: दर्ज की जाएगी। वित्त विभाग द्वारा सभी विभागों, संभागायुक्त और कलेक्टर्स को पत्र जारी किया गया है, जिसमें कहा गया है संबंधित आवेदकों द्वारा इस पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत किए जाने के उपरांत योजना के प्रावधानों के अनुरूप संबंधित कार्यालय द्वारा आवेदन के निराकरण की स्थिति दर्ज किए जाने का प्रावधान है। पोर्टल में विभागीय लॉग-इन के लिए मेप आईटी द्वारा संबंधित विभागों/कार्यालयों को यूजर आईडी एवं पासवर्ड पृथक से प्रदाय किए जाएंगे।

20/6/21

# ...श ने खोली सफाई की पोल, सड़क पर जमा हुई गंदगी

...ाम

...बारिश ने
...ा तक के
...हर सुबह
...क बारिश
...निवार को
...ाले और
... गया को
... गुल रही
...खी।
...7 बजे से
...ज बारिश
...ई इलाकों
...न क्षेत्र में

हाल ही में निर्मित हुए फोरलेन पर भी जलभराव की समस्या का नागरिकों को सामना करना पड़ा। गनीमत रही कि रात में तेज बारिश फिर से नहीं हुई जिससे सुबह तक थोड़ी राहत हो गई। परंतु हरमाला रोड, जवाहर नगर सब्जीमंडी के पास, मोहन नगर, बिरियाखेड़ी रोड, अयोध्या बस्ती, धभाईजी का वास, लंबीगली, अशोकनगर, शांतिनगर आदि कई इलाकों में सड़कों पर आकर गंदगी जमा हो गई, जिसकी बदबू से लोग परेशान हो गए। नाले-नालियों में सफाई नहीं होने से शहर के अधिकांश इलाकों में शुक्रवार-शनिवार रात नालियों का पानी सड़क और घरों, दुकानों के ओटलों, आंगनों में जमा होता रहा।



## बिजली ने भी खेली आंख-मिचौनी

बिजली ने भी शुक्रवार शाम से शनिवार दोपहर तक अलग-अलग क्षेत्र में लोगों को परेशान रखा। पहली बारिश के चलते शुक्रवार शाम को गीता मंदिर रोड, महालक्ष्मी नगर, कोर्ट परिसर, जवाहर नगर, गांधीनगर क्षेत्र, कस्तूरबानगर, शक्तिनगर, प्रियदर्शनी नगर, बिरियाखेड़ी क्षेत्र में बिजली गुल रही। रात में भी कई बार फाल्ट होते रहे।

## ...बसे ज्यादा जावरा में बरसा

शुक्रवार सुबह से शनिवार सुबह 8 बजे के बीच जिले में रतलाम में ढाई इं बारिश दर्ज की गई है। आलोट में आधा इंच के करीब, जावरा में लगभग 7 इंच, ताल में 3 इंच से अधिक, पिपलौदा में डेढ इंच बाजना में सबसे कम सिर्फ 8 मि. मी. , रावटी में आधा इंच के लगभग , सैलाना में 2 इंच से अधिक बारिश 24 घंटे की अवधि में दर्ज की गई है। जिले मे औसत रूप से 2 इंच से अधिक बारिश दर्ज की गई है। इसके साथ ही 1 जून से लेकर अब तक औसत 3 से पौने चार इंच बारिश दर्ज की जा चुकी है। रतलाम में 4 इंसे अधिक बारिश दर्ज हो चुकी है। आलोट में 7 मि. मी., जावरा 9 इंच से अधिक, ताल में 3 इंच से अधिक, पिपलौदा में 3 इंच अधिक , बाजना में 17 मि.मी.,रावटी में 4 इंच और सैलाना 3 इंच से अधिक बारिश अभी तक दर्ज की गई है। जिले मेर्फ जावरा और पिपलौदा अभी तक की अवधि में हुई बारिश आकड़ों से आगे चल रहा है। शेष विकासखंड गत वर्ष इस अ तक हुई बारिश से पीछे चल रहे हैं।

पृष्ठ ........ दिनांक ..............2021

प्रसारण

# कलेक्टर द्वारा मिनी स्मार्ट सिटी के तहत सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण

**प्रसारण न्यूज * रतलाम**

मिनी स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत कॉन्वेंट स्कूल तिराहे से आनन्द कालोनी तक निर्माणाधीन का सड़क का अवलोकन कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरूषोत्तम ने निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, एसडीएम अभिषेक गेहलोत व नगर निगम इंजीनियरों के साथ किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर एवं प्रशासक पुरूषोत्तम को निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि मास्टर प्लान के तहत 12 मीटर चौड़ाई की सड़क का निर्माण किया जाना है साथ विधायक रतलाम शहर माननीय श्री चैतन्य जी काश्यप के निर्देशानुसार बच्चों की सुविधा के दृष्टिगत सड़क के दोनों ओर



फुटपाथ का निर्माण किया जाना है। उन्होंने बताया कि कॉन्वेंट स्कूल तिराहे पर सड़क की 12 मीटर चौड़ाई के बराबर भूमि उपलब्ध है किन्तु आगे एक स्थान पर 3 मीटर पर एक स्थान 4 मीटर भूमि कम पड़ रही है। भूमि की कमी की पूर्ति हेतु उद्यान की बाउण्ड्रीवॉल को अंदर की ओर शिफ्ट किया जाकर नये सिरे से सेम डिजाईन की बाउण्ड्रीवॉल के निर्माण के साथ विद्युत पोल भी शिफ्ट किये जाने है। इस अवसर कलेक्टर एवं प्रशासक श्री पुरूषोत्तम ने सड़क का पैदल अवलोकन कर सड़क की चौड़ाई की नपती करवाकर निर्देशित किया कि उद्यान की बाउण्ड्रीवॉल शिफ्ट करने के पूर्व जहां से नवीन बाउण्ड्रीवॉल बनाना है वहां पतरों से फैंसिंग की जाये साथ ही तोड़ी जाने वाली बाउण्ड्रीवॉल की डिजाईन अनुसार ही नवीन बाउण्ड्रीवॉल व सड़क निर्माण का कार्य साथ-साथ किया जाये ताकि कम समय में दोनों कार्य पूर्ण होकर नागरिकों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा ना हो व उद्यान भी सुरक्षित रहे। उन्होंने इस अवसर पर निर्देशित किया कि नवीन बाउण्ड्रीवॉल का निर्माण का व्यय संबंधित आर्यवृत्त कम्पनी स्वयं वहन करेगी व निर्माण कार्य के दौरान कम से कम पेड़ कटे इसका विशेष ध्यान रखा जाये।

# निगम आयुक्त ने अनुकम्पा नियुक्ति आदेश प्रदान किए



**प्रसारण न्यूज * रतलाम**

नगर निगम में ऐसे कर्मचारी जिनका सेवा में रहते निधन हो गया उनके परिवार के सदस्यों को अनुकम्पा नियुक्ति दिये जाने तहत नगर निगम द्वारा आज 3 व्यक्तियों की अनुकम्पा नियुक्ति के आदेश जारी किए गए। आदेश निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा प्रदान किए गए।

निगम आयुक्त श्री झारिया द्वारा अमर-बसंत चौहान, सुनील-रामप्रसाद डागर व राजेश-देवकरण को सफाई संरक्षक के पद का नियुक्ती आदेश प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

नियुक्ति आदेश वितरण के दौरान उपायुक्त विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द व्यास, सहायक यंत्री श्याम सोनी आदि उपस्थित थे।

प्रसारण